निर्माण, सेवा एवं संपदा प्रबंध निदेशालय, मुंबई
स्वच्छता पखवाड़ा–2025 : गतिविधि रिपोर्ट दिनांक 23.02.2025 (रविवार)

अणुशक्तिनगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मंडाला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, वेस्टर्न सेक्टर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं अणुशक्तिनगर स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से अणुशक्तिनगर में प्लॉगिंग कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को किया गया ।

06 ट्रॉम्बे टाउनशिप रखरखाव इकाइयों अर्थात् टीटीएम-पश्चिमी सेक्टर, टीटीएम-1, टीटीएम-2, टीटीएम-3, टीटीएम-केएमयू और टीटीएम-4 के प्रभारियों के निर्देशन में, प्लॉगिंग गतिविधि के लिए पूरे अणुशक्तिनगर को कवर करने के लिए 17 टीमें बनाई गईं। प्रत्येक टीम में एक टीम लीडर था। अणुशक्तिनगर में इमारतों के विभिन्न समूहों के लिए विभिन्न स्थानों पर प्लॉगिंग गतिविधि शुरू करने और समाप्त करने के लिए 17 प्रारंभिक बिंदु और 06 अंतिम बिंदु चिन्हित किये गये।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 07:30 बजे प्रत्येक प्रारंभिक बिंदु पर स्वयंसेवकों की टीमों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वच्छता शपथ लेने के साथ हुई।

निर्माण, सेवा और संपदा प्रबंधन निदेशालय के निदेशक श्री के. महापात्र ने शांतिनिकेतन भवन के प्रांगण में स्वच्छता शपथ दिलाई। श्री ए.एस. यादव, अध्यक्ष, शासी निकाय एवं मुख्य समन्वयक, स्वच्छता कार्य योजना, श्री शंकर एस गोंडाने, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, नि.से.सं.प्र.नि. और आसपास की इमारतों में रहने वाले परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

श्री पी.एस. सालुंखे, प्रमुख, बागवानी और कॉस्मेटिक रखरखाव अनुभाग-पूर्वी क्षेत्र और श्री विनोद कर्री, प्रभारी अभियंता, बागवानी और कॉस्मेटिक रखरखाव अनुभाग-पश्चिम क्षेत्र एवं उनकी टीम द्वारा दस्ताने, मास्क, कचरा बैग, स्वच्छता बैनर, स्वच्छता सेल्फी बूथ, कचरा संग्रहण और निपटान वाहन, जलपान इत्यादि की व्यवस्था की ।

विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, निवासियों, स्वयंसेवकों, नि.से.सं.प्र.नि. कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ अभियान के दौरान प्लास्टिक और अन्य कचरे के 175 बैग एकत्र किए गए और उनका निपटान किया गया। आयोजन में महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया।

06 सभा स्थलों पर स्वच्छता सेल्फी बूथ बनाए गए, जहां स्वयंसेवकों ने सेल्फी ली और इसे सोशल मीडिया पर साझा किया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान, और जलपान के साथ 09:30 बजे हुआ ।

****

Directorate of Construction, services and Estate Management, Mumbai
Swachhata Pakhwada – 2025: Activity Report dated 23.02.2025 (Sunday)

Plogging event was organised at Anushaktinagar in association with Anushaktinagar Resident Welfare Association (ARWA), Mandala Resident Welfare Association (MARWA), Western Sector Resident Welfare Association (MRWA) and Anushaktinagar Sports Management Committee (ASMC) on 23.02.2025 (Sunday).

Under the direction of In-charge(s) of 06 Trombay Township Maintenance Unit(s) namely TTM-Western Sector, TTM-1, TTM-2, TTM-3, TTM-KMU and TTM-4, 17 teams were made to cover entire Anushaktinagar for plogging activity. Each team had a team leader. As many as 17 starting points and 06 end points were identified to start and conclude plogging activity at various locations in Anushaktinagar for various clusters of buildings.

Event started at 07:30 Hrs. in the morning with Swachhata Pledge taken by teams of volunteers at each starting point enthusiastically.

Shri K. Mahapatra, Director, Directorate of Construction, Services and Estate Management administered Swachhata Pledge at courtyard of Shantiniketan Building. Shri A.S. Yadav, Chairman, Governing Body and Chief Coordinator, Swachhata Action Plan, Shri Shankar S. Gondane, Chief Administrative Officer, DCSEM and other senior officers of department of atomic energy residing in adjoining buildings were also present there on the occasion.

Logistics support like gloves, masks, garbage bags, Swachhata banners Swachhata Selfie Booths, garbage collection and disposal vehicles, refreshment etc. were arranged by Shri P.S. Salunkhe, Head, Horticulture & Cosmetic Maintenance Section-East Zone and Shri Vinod Karri, Engineer In-charge, Horticulture & Cosmetic Maintenance Section-West Zone and their teams.

175 bags of Plastic and other waste had been collected and disposed during the drive with active participation of various Resident Welfare Associations, residents, volunteers, DCSEM staff & their family members. Ladies, children and Senior Citizens enthusiastically contributed in the event.

Swachhata Selfie booths were created at 06 gathering points wherein volunteers took selfie and shared it on Social Media.

Event concluded at 09:30 Hrs. with vote of thanks, National Anthem, and refreshment.

****